दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)

कमरा संख्या: 104, प्रथम तल,नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-110007(दूरभाष:011-27666269, एक्स नं.: 1225)

Room No.: 104, 1stFloor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone:011-27666269, Ext. No.: 1225)

फाइल संख्या: आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2020/2311-2563 दिनांक : 08/10/2020

14

परिपत्र CIRCULAR

विषय: विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह - 2020 का आयोजन।

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय में सितम्बर/अक्तूबर माह में हिंदी सप्ताह-2020 का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) के लिए निम्नलिखित ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	तिथि एवं दिन	समय
01.	हिंदी राजभाषा प्रश्नोत्तरी	26/10/2020 (सोमवार)	14:30 बजे से 15:00 बजे तक
02.	हिंदी संबंधी नारा(Slogan)	29/10/2020 (गुरूवार)	09:30 बजे से 17:30 बजे तक

1. **हिंदी राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:** यह प्रतियोगिता गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जिसका लिंक दिनांक 26/10/2020(सोमवार) को 14:28 बजे पर सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को भेज दिया जाएगा। प्रतियोगिता 14:30 बजे से 15:00 बजे तक ऑनलाइन की जाएगी। कोई भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता में राजभाषा हिंदी संबंधी 60 प्रश्न बहुविकल्पीय (Multiple Choice Questions) होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। बराबर अंक होने की स्थिति में जो पहले जमा करेगा उसको मेरिट में ऊपर माना जायेगा।

2. **हिंदी संबंधी नारा(Slogan) प्रतियोगिता** : इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को स्व-रचित नारा(Slogan) ई-मेल anandsoni73@gmail.com पर हिंदी (मंगल फॉंट) में टंकित अथवा हिंदी में हस्तलिखित नारा की स्कैन प्रति **दिनांक** 29/10/2020 को 17:30 बजे तक प्रेषित करना होगा ।

नोट :

1. उपर्युक्त क्रमांक 1 से 2 तक की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एक प्रतियोगिता में कम से कम 10 **(दस)** प्रतियोगी भाग लेने पर **तीन पुरस्कार** (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा इससे कम होने पर **एक ही पुरस्कार** प्रदान किया जाएगा। एक प्रतियोगिता में **दस अथवा दस से अधिक प्रतियोगी** होने पर अधिकतम **दो सांत्वना पुरस्कार** भी दिए जाएंगे।
2. क्रमांक 1 से 2 तक की प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को प्रोत्साहन हेतु **प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए क्रमशः 1,500 रुपए, 1,100 रुपए, 700 रुपए एवं 400 रुपए प्रदान किए जायेंगे जो सीधे विजेताओं बैंक के (वेतन) खाते में अंतरण(Transfer) किए जाएंगे।** सभी विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार धनराशि के साथ-साथ प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।
3. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्णायक मंडल/ विशेषज्ञ/कुलसचिव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। जो कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि से पहले सहायक कुलसचिव(राजभाषा) के मो. नंबर **9999596223** पर व्हाटस-अप(Whats-up) ग्रुप **(राजभाषा हिंदी सप्ताह - 2020) में जुड सकते है, जिस पर प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु अपना नाम, पदनाम, कार्यालय/विभाग का नाम इत्यादि अवश्य भेजें।**

आनंद सोनी

......2

प्रतिभागी दिए गए निर्धारित तिथि व समय को उनके मोबाइल नंबर पर भेजे गए लिंक पर ज्वाइन कर सकते हैं।

(अधिक जानकारी के लिए कृपया सहायक कुलसचिव(राजभाषा) से दूरभाष सं. 27666269 या इंटरकॉम 1225 पर संपर्क कर सकते हैं)

संलग्नक : यथोपरि,

आनंद कु. सोनी 14/10/2020

(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव(राजभाषा)

प्रतिलिपि:

1. सम-कुलपति एवं अध्यक्ष, राभाकास
2. कुलसचिव
3. सभी विभाग/निदेशालय/केंद्र/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख
4. निदेशक (कंप्यूटर केंद्र) – अनुरोध है कि कृपया संलग्न परिपत्र को राजभाषा के वेबपेज पर अपलोड करें।